## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 26.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा राजकीय बालिक इण्टर कॉलेज तिन्दवारी व जनसेवा केन्द्र से चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामान बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.06.2025 को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तिन्दवारी व जनसेवा केन्द्र में चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 08.12.2024 को कस्बा तिन्दवारी स्थित एक जनसेवा केन्द्र से चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में जनसेवा केन्द्र संचालक सूरज कुशवाहा द्वारा दिनांक 14.12.2024 को नामजद अभियुक्त के विरुद्ध दी गई तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तिन्दवारी की प्रधानाचार्या द्वारा दिनांक 24.06.2025 को थाना तिन्दवारी पर सूचना दी कि दिनांक 31.03.2025 व 15.06.2025 को अज्ञात चोरों द्वारा कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा तोड़कर इलेक्ट्रानिक उपकरणों सहित खेलकूद के सामान चोरी कर ले गए है । इस सम्बन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि की मदद से अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को हनुमान नगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने उसने दिसम्बर-2024 में कस्बा तिन्दवारी स्थित एक जनसेवा केन्द्र से तथा दिनांक 31.03.2025 व 15.06.2025 को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तिन्दवारी से चोरी किया था । कुछ चोरी के सामान मौके से तथा कुछ सामान अभियुक्त की निशादेही पर उसके घर से बरामद किया गया ।

**बरामदगी-**

- 01 अदद् बैटरी
- 01 अदद् प्रिंटर
- 03 अदद् हाकी
- 02 अदद् बैटमिंटन चिड़िया
- 02 अदद् हाकी बाल
- 03 अदद् बालीवाल
- 02 अदद् फुटबाल

- 02 अदद् गोल नेट (हाकी)
- 02 अदद् बैटमिंटन नेट
- 02 अदद् बास्केटबाल

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1- विक्रम खंगार पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी हनुमान नगर कस्बा व थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 137/25 धारा 331(4)/305(5)/ 317(2) बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0- 294/24 धारा 305(4)/452/317(2) बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री सुरेश कुमार सैनी प्र0नि0 तिन्दवारी
2. उ0नि0 श्री अजीत कुमार सिंह
3. हे0कां0 बृजेश सिंह
4. कां0 नरेन्द्र सिंह